an>

Title: Need to provide stoppage of train no. 22531/32 at Mairwa station in Siwan Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री ओमप्रकाश यादव (सीवान) : मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सीवान के मैरवा स्टेशन पर गाड़ी संख्या 22531/32 का ठहराव न होने से यहां के यात्रियों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उपरोक्त ट्रेन जो छपरा से चलकर मथुरा जाती है, इसी तरह के अन्य स्टेशन भाटपार रानी पर रुकती है, जबकि मैरवा वाराणसी मंडल का प्रमुख आय देने वाला स्टेशन है। इस ट्रेन में ठहराव हेतु यहां के यात्रियों, छात्र तथा व्यापारियों ने समय-समय पर रेल मंत्रालय से मांग की तथा मैंने भी कई बार माननीय रेल मंत्री जी से मिलकर तथा सदन में भी उपरोक्त ट्रेन के ठहराव हेतु अनुरोध किया है। उपरोक्त ट्रेन में ठहराव न होने से यात्रियों विशेषकर रोगियों, जिन्हें गोरखपुर, लखनऊ तथा अन्य शहरों को जाना होता है, काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

अत: मैं रेल मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि उपरोक्त ट्रेन का ठहराव मैरवा स्टेशन पर किया जाये, ताकि मेरे क्षेत्र के लोगों को कोई कठिनाई रेल यात्रा में न हो सके।